# ग्रेटर नोएडा में देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर एएम ग्रीन 2.25 लाख करोड़ का करेगा निवेश

## दावोस में विश्व आर्थिक मंच में यूपी सरकार के साथ हुआ एमओयू

**लखनऊ।** हैदराबाद का एएम ग्रीन ग्रुप डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए ग्रेटर नोएडा में करीब 25 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 2.25 लाख करोड़ रुपये) का निवेश करेगा। यह डाटा सेंटर के क्षेत्र में देश में अब तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। इसके लिए दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच में ग्रुप ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

परियोजना के तहत ग्रेटर नोएडा में 1 गीगावॉट क्षमता का अत्याधुनिक एआई कंप्यूटर डाटा सेंटर स्थापित किया जाएगा। यह वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वर्कलोड्स को सेवाएं देगा। यह कदम भारत सरकार के विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप है और उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर डाटा सेंटर एवं एआई हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। ब्यूरो >> ग्रेनो में एक गीगा वॉट का एआई डाटा सेंटर लगेगा : पेज 10